



नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 31 जुलाई 2026




## एक नजर में

### युवा पीढ़ी में संस्कार होना जरूरी, माता-पिता संस्कारों पर ध्यान दें : आचार्य श्री सागरचंद्रसागरजी




**मंदसौर।** आज की युवा पीढ़ी में संस्कार होना बहुत जरूरी है। महानगरों एवं देश के बाहर पढ़ाई कर रहे बच्चे डिग्री तो प्राप्त कर रहे हैं लेकिन उनमें संस्कारों की कमी देखी जा रही है। संतान में संस्कार यदि जीवन में नहीं हैं तो माता-पिता के हाथ में कुछ भी नहीं है। जीवन में संस्कारों पर ध्यान देना जरूरी है। उक्त उद्गार प.पू. जैन आचार्य श्री अशोक सागरसूरिश्वरजी म.सा. की निश्रा में चन्द्रपुरा मेन रोड़ स्थित श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री सागरचन्द्रसागरजी म.सा. ने कहे। आपने गुरुवार को धर्मसभा में कहा कि इस देश में आजादी के पहले और बाद में कई आंदोलन हुए उसमें युवाओं एवं छात्रों ने भाग लिया लेकिन पिछले दिनों हुए छात्र आंदोलनों में युवाओं की जो अभद्र शैली देखी गयी वह चिन्ता करने वाली है। आंदोलन करना अनुचित नहीं है लेकिन आंदोलनों में अभद्र एवं गलत शब्दों का प्रयोग करना बेहद अनुचित है। गाली-गलौच का प्रयोग कदापि सही नहीं कहा जा सकता, भाषा की मर्यादा रखना जरूरी है। आपने कहा कि युवाओं को संस्कारित करना जरूरी है। जो भी विद्यार्थी महानगरों एवं विदेशों में पढ़ते हैं वे जब भी घर आये उन्हें मंदिर ले जाओ, गुरुजनों के दर्शन कराओ। घर-गृहस्थी की बात करने की बजाय संस्कारों की बात करो तभी घर-परिवार बचेंगे अन्यथा आगे जाकर आपका ठिकाना वृद्धाश्रम होगा। आपने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी के संस्कार कैसे सुरक्षित रहे, उन्हें संस्कारों से कैसे जोड़ा जाये यह हमारी सबसे बड़ी चिन्ता होनी चाहिये। आपने कहा कि जब भी मंदिर या धर्म स्थान पर जाओ जीवन के कषाय जैसे लोभ, क्रोध, राग (मोह) कम करने की कोशिश करो। आचार्य श्री मानतुंगसूरि एवं भक्ताम्बर के पाठ की शक्ति से अपनी बेड़ियां काट सकते हैं तो आपके जीवन के कषाय भी नष्ट हो सकते हैं। धर्मसभा में आपने कहा कि जब भी मंदिर जाये तो सिद्धशिला की आकृति बनाये और जीवन में सिद्ध कैसे बनें यह चिन्तन करें। धर्मसभा में बड़ी संख्या में धर्मालुजन भी उपस्थित थे।

### कलेक्टर दिव्यांक सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया

**मंदसौर।** संयुक्त बेरोजगार नवयुवक एकता समिति, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा एवं लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष नईम शाह के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर, मंदसौर को ज्ञापन सौंपकर सर्वे क्रमांक 918, कोर्ट रोड के पीछे स्थित लगभग 6 बीघा भूमि से संबंधित कथित फर्जी रजिस्ट्री, शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण एवं संबंधित संपत्तियों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि समिति को प्राप्त शिकायत के अनुसार उक्त भूमि के संबंध में कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री कराए जाने तथा लगभग 4 बीघा भूमि पर मार्केट, दुकानों एवं अन्य निर्माण कर उनका विक्रय किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि लगभग सवा दो बीघा शासकीय भूमि पर कथित रूप से कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। समिति ने संबंधित मामले में अनिल गुप्ता की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी है। समिति ने प्रशासन से मांग की कि संपूर्ण भूमि एवं उससे संबंधित राजस्व अभिलेखों की विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही कथित फर्जी दस्तावेजों की वैधानिक जांच कर उनकी सत्यता का परीक्षण किया जाए। यदि जांच में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा या निर्माण पाया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए। इसके अतिरिक्त संबंधित व्यक्तियों के स्वामित्व एवं दस्तावेजों की भी विधिवत जांच कर दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए 7 दिवस के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर समिति को अवगत कराने का आग्रह किया गया। समिति ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है, तो जनहित में गांधी चौराहा, मंदसौर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संयुक्त बेरोजगार नवयुवक एकता समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नवीन जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह, मंदसौर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर महोदय को शुभकामनाएं देते हुए जनहित से जुड़े मामलों में निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन सदैव जनहित से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से उठाता रहेगा तथा शासकीय भूमि की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं निष्पक्ष प्रशासन के लिए अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# कई गांवों के किसानों को नहीं मिली फसल बीमा राशि

- **सैकड़ों किसानों ने एसडीएम को सौंपा हस्ताक्षरयुक्त आवेदन**
- **किसानों का आरोप- प्रीमियम जमा करने के बावजूद नहीं मिला बीमा**

> किसानों ने बताया कि लगातार बढ़ती खेती की लागत, मौसम की मार और फसल उत्पादन में आई कमी के बीच फसल बीमा ही उनकी सबसे बड़ी उम्मीद थी। लेकिन बीमा राशि नहीं मिलने से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कई किसानों को आगामी फसल की बुवाई, खाद-बीज और अन्य कृषि कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पिपलियामंडी।** मल्हारगढ़ तहसील के अरनिया देव, डूंगरी, पिपलिया विशनिया, पहेड़ा, खेरखेड़ा, बोरखेड़ी, चंदवासा सहित आसपास के कई गांवों के किसानों को खरीफ फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिलने से किसानों में भारी नाराजगी है। गुरुवार को क्षेत्र के सैकड़ों किसान मल्हारगढ़ एसडीएम स्वाति तिवारी से मिले और हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा किसानों को शीघ्र बीमा राशि दिलाने की मांग की। किसानों ने बताया कि उन्होंने शासन की फसल बीमा योजना के तहत निर्धारित समय पर अपनी फसलों का बीमा कराया था और बीमा प्रीमियम भी जमा किया था। इसके बावजूद आज तक उनके खातों में बीमा राशि नहीं पहुंची है। किसानों का कहना है कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में सरकार द्वारा किसानों के खातों में फसल बीमा की राशि जमा कराई जा चुकी है, लेकिन मल्हारगढ़ तहसील के इन गांवों के किसान अब भी योजना के लाभ से वंचित हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग, राजस्व विभाग और संबंधित बीमा कंपनी की लापरवाही के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी किसानों को बीमा राशि नहीं मिल रही है तो इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। किसानों ने यह भी मांग की कि करोड़ों रुपये की बीमा राशि का भुगतान किन किसानों को हुआ, किन्हें नहीं हुआ और इसके पीछे क्या कारण रहे, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए।

एसडीएम स्वाति तिवारी ने किसानों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर बीमा राशि नहीं मिलने के कारणों की जानकारी मांगी गई है। किसानों द्वारा प्रस्तुत हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भी आवश्यक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी, ताकि पात्र किसानों को उनका अधिकार मिल सके। आवेदन सौंपने के दौरान किसान एवं पूर्व जनपद सदस्य रामप्रसाद राठौर, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष युसूफ खां मेव, रमेशचंद्र पाटीदार, गोपाल मेघवाल, देवीलाल राठौर, हबीब मेव, राजेश सोलंकी, तुलसीराम सोलंकी, बबलू डगरा, राहुल मालवीय सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# हरियाली बढ़ाने का संकल्प, देवडुंगरी माताजी मंदिर में हुआ पौधारोपण

**'मंदसौर। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत देवडुंगरी माताजी मंदिर, मंदसौर में जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार ब्लॉक मंदसौर में नवांकुर संस्था जन एवं संस्कृति विकास समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन द्वारा किया गया। संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण का संदेश देते हुए सभी उपस्थितजनों ने पौधारोपण किया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला महामंत्री बंटी चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश बैरागी, महेश लखारा, बंशीलाल राठौर एवं समिति के सचिव अशोक राठौर, चंदु चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण किया।

प्रत्येक बच्चे ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के बारे में जानकारी दी गई। श्री चौहानं ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता अभियान है।

# कलेक्टर ने सीतामऊ क्षेत्र की अनेक संस्थाओ का निरीक्षण किया

**सीतामऊ /नाहरगढ। जिले के नवागत कलेक्टर दिव्यांक सिंह गुरुवार को सीतामऊ क्षेत्र में पहुंचे। कलेक्टर ने एनआरसी केंद्र जाकर बच्चों की सेहत के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण भी किया।**

सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन साथ थे एवं एसडीएम सुश्री शिवानी गर्ग भी मौजूद रही। इस दौरान कलेक्टर ने एनआरसी केंद्र में भर्ती किए गए कुपोषित बच्चों की सेहत पर सबसे ज्यादा फोकस करते हुए स्नेहपूर्वक दुलार भी किया। एनआरसी प्रभारी को निर्देशित किया कि समय सीमा पर बच्चों को समस्त दवाइयां एवं पोषण आहार उपलब्ध कराई जाए। जिससे बच्चे शीघ्र स्वस्थ हो सके।

कलेक्टर ने वहां मौजूद बच्चों की माताओं से भी चर्चा कर जानकारी प्राप्त की, समस्याओं को भी जाना तथा निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता के साथ बच्चों के टीकाकरण पोषण नियमित स्वास्थ्य जांच एवं शासन के निर्देश अनुसार दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल करते हुए संबंधितों को जरूरी निर्देश दिए। मातृ एवं शिश स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर द्वारा सीतामऊ के एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। कार्यालय की शाखाओं में संधारित कार्यों की समीक्षा की राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान कलेक्टर ने खंड स्तरीय विभागों की समीक्षा बैठक में शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया। जनपद पंचायत के सीईओ धर्मेंद्र यादव तथा तहसीलदार ,नायब तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना संपन्न

**भानपुरा।** महाराजा यशवंतराव होलकर शासकीय महाविद्यालय भानपुरा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक अनुसार त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत जुलाई माह के साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत चारों सप्ताह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य दिनेश पाटीदार की अध्यक्षता में हुआ। प्रथम सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक की स्थापन दिवस पर एसबीआई के शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार जोशी और सहायक प्रबंधक आशुतोष मुकेश ने स्व रोजगार वित्तीय सहायता योजना बैंक क्रीम उद्यमिता के अवसर




सिविल सर्विसेज व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। द्वितीय सप्ताह में नेशनल फिश फार्मर्स डे, कौशल दिवस का आयोजन किया गया इसमें गांधी सागर मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक रिजनल मैनेजर महेंद्र वी .के द्वारा व्याख्यान दिया गया व्याख्यान में मत्स्य पालन क्षेत्र में उपलब्ध नवीन तकनीक और सरकारी योजनाएं एवं स्वरोजगार के अवसर के प्रति जागरूक किया और तृतीय सप्ताह में बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद जयंती का आयोजन किया गया जिसमें धर्मेंद्र सिंह राजपूत और सीमा सिंह के द्वारा व्याख्यान दिया गया चतुर्थ सप्ताह में कैरियर मार्गदर्शन सिविल सेवाएं और सुशासन विषय पर व्याख्यान डॉ रुचि सक्सैना और उमेश चंद्र पांडे के द्वारा दिया गया।

# मंदसौर में 2 अगस्त को लगेगा कटे होंठ व तालु का नि :शुल्क परामर्श व शिविर

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर, दिव्य आलोक हॉस्पिटल कोटा एवं 'द स्माइल ट्रेन इण्डिया' के संयुक्त तत्वावधान में कटे होंठ व कटे तालु से पीड़ित मरीजों के लिए एक विशेष नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी रविवार, 2 अगस्त 2026 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नयापुरा रोड, लक्कड़पीठा रोड, मंदसौर स्थित डॉ. एस.एम. जैन के क्लिनिक पर आयोजित होगा।

रोटरी क्लब अध्यक्ष अनिल चौधरी, सचिव संजय जैन श्वेता एवं प्रोजेक्ट चेयरमेन डॉ. एस.एम. जैन ने बताया कि शिविर में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में बर्न, कॉस्मेटिक, हैण्ड एवं प्लास्टिक सर्जन तथा स्माइल ट्रेन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. आलोक गर्ग अपनी सेवाएं देंगे। डॉ. गर्ग को इस क्षेत्र में 40 वर्षों का अनुभव है और वे अब तक 11,000 से अधिक कटे होंठ, कटे तालु व बिगड़ी नाक के सफल ऑपरेशन कर चुके हैं।

क्लब अध्यक्ष श्री चौधरी ने बताया कि इस पहल के तहत मरीजों को परामर्श, जांच, दवाइयां और ऑपरेशन पूरी तरह से नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। यही नहीं, मरीजों को आने-जाने का किराया भी दिया जाएगा। यदि किसी मरीज का पहले ऑपरेशन हुआ हो और उसमें कोई कमी रह गई हो, तो उसे भी यहां ठीक किया जाता है।

## एक नजर — गुरु पूर्णिमा पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन

# मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों ने की गुरु वंदना

**मंदसौर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में गुरुवार को महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि सांदीपनि एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय



संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण और जीवन को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ईशांत चौरसिया ने भी गुरु के मार्गदर्शन की महत्ता पर अपने विचार रखे। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक भावसार एवं प्रियल मणिहार ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर विचार रखे। प्रथम वर्ष की छात्रा मुक्ता मंडलोई ने गुरु महिमा पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। वहीं प्रथम वर्ष की छात्राओं नंदिनी शर्मा, अक्षरा जैन, पलक राव, अन्विता एवं रवीना पाटीदार तथा छात्र व्यास ने गुरु वंदना और समूह गीत की प्रस्तुति दी। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों का मन मोह लिया।



## एक नजर में

### भाजपा के समरसता संकल्प अभियान में गुरु पूर्णिमा पर जले 650 दीप



**नीमच।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की आगामी 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार शाम भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 650 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की मनोहारी आभा से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा और सामाजिक समरसता, समानता तथा भाईचारे का संदेश गूंज उठा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह मीडिया प्रभारी शुभम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में संत गुरु रविदास महाराज के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके समरसता, समानता, सामाजिक सद्भाव, मानवता और भाईचारे के संदेशों का स्मरण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर समाज में आपसी प्रेम, सामाजिक एकता और समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समतामूलक समाज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज के सभी वर्गों को सामाजिक समरसता की भावना से जोड़ना रहा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास महाराज के आदर्श आज भी समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास, जिला उपाध्यक्ष निलेश पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष हेमलता धाकड़, जिला मंत्री रोशन वर्मा एवं सत्यनारायण गोयल, मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, अमन दीवान, विकास नामदेव, केतन खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव एवं मोहन सिंह राणावत सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिले में अब तक औसत 320 .2 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 320 .2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 699 .2 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 30 जुलाई 2026 की प्रात: 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 380 .0 मि.मी., जावद में 274 .0 मि.मी., सिंगोली में 266 .8 मि.मी. तथा मनासा में 260 .0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 626 .0 मि.मी., जावद में 723 .0 मि.मी., सिंगोली में 931 .9 मि.मी. तथा मनासा में 516 .0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 30 जुलाई 2026 को प्रात: 8 बजे तक बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 12 .5 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस दौरान नीमच तहसील में 4 .0 मि.मी., मनासा में 12 .0 मि.मी., सिंगोली में 34 . वर्षा दर्ज की गई एवं जावद में वर्षा दर्ज नहीं की गई।

# वैकल्पिक ज़मीन मिले तो वहीं बने सांदीपनि, नपाध्यक्ष ने भी जताई सहमति

- **संघर्ष समिति का दावा- प्रशासन जनता को कर रहा गुमराह**
- **जारी नक्शे में पूरे खेल मैदान पर प्रस्तावित है स्कूल परिसर**

**नीमच।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के ऐतिहासिक खेल मैदान को बचाने के लिए चल रहा जन-आंदोलन अब निर्णायक दौर में पहुंचता दिखाई दे रहा है। खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति ने मैदान के संरक्षण की मांग को लेकर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार एवं नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा से मुलाकात कर वैकल्पिक भूमि पर सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) का निर्माण कराने का आग्रह किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने वैकल्पिक भूमि उपलब्ध होने पर स्कूल निर्माण को लेकर सहमति जताई, जबकि समिति ने प्रशासन पर मैदान बचाने के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

**विधायक बोले- स्कूल जल्द बने, लेकिन वैकल्पिक ज़मीन पर बने तो भी आपत्ति नहीं**-संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दिलीप सिंह परिहार से मुलाकात कर खेल मैदान को यथावत सुरक्षित रखने की मांग रखी। इस पर विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सांदीपनि विद्यालय का शीघ्र निर्माण है। यदि जिला प्रशासन और नगर पालिका शहर में किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराते हैं तो वहां



विद्यालय निर्माण कराने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने इस संबंध में निर्णय का अधिकार प्रशासन और नगर पालिका के स्तर पर बताया।

**नपाध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने दिया भरोसा**-विधायक से मुलाकात के बाद समिति के सदस्य नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा के निवास पहुंचे। उन्होंने समिति को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन सांदीपनि विद्यालय के लिए वैकल्पिक भूमि चाहता है तो नगर पालिका बिना किसी झिझक के आवश्यक भूमि हस्तांतरित करने को तैयार है।

**अतिक्रमण और कोर्ट में लंबित जमीनों पर हुई चर्चा**-बैठक के दौरान समिति ने नगर की उन प्रमुख सरकारी जमीनों का मुद्दा भी उठाया, जिन पर वर्तमान में न्यायालय में प्रकरण लंबित हैं। महाराणा प्रताप प्रतिमा चौराहा (स्पेंटा पेट्रोल पंप के समीप) स्थित भूमि के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने बताया कि नगर पालिका द्वारा न्यायालय में मजबूत पक्ष रखा जा चुका है और मामला विचाराधीन है। वहीं मनासा रोड स्थित रेस्ट हाउस के सामने की भूमि को लेकर विधायक, नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने सहमति व्यक्त की कि यदि यह भूमि न्यायालय से मुक्त हो जाती है तो यहां सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कराया जा सकता है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए नगर पालिका प्रभावी कानूनी प्रयास करेगी।

इस बीच संघर्ष समिति ने प्रस्तावित सांदीपनि विद्यालय का अधिकृत नक्शा सार्वजनिक करते हुए प्रशासन के दावों पर सवाल खड़े किए। समिति का आरोप है कि अब तक प्रशासन यह कहता रहा कि खेल मैदान सुरक्षित रहेगा और केवल सीमित क्षेत्र में विद्यालय बनाया जाएगा, जबकि जारी नक्शा इसके विपरीत तस्वीर पेश करता है।

# 40 वर्षों की निष्कलंक सेवा के बाद रामचंद्र छपरीबंद सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त

**रतनगढ़।** मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रतनगढ़ में कार्यरत श्री रामचंद्र छपरीबंद ने 40 वर्षों की गौरवशाली, निष्कलंक एवं समर्पित शासकीय सेवा पूर्ण करने के बाद शुक्रवार को सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति प्राप्त की।

इस अवसर पर विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री छपरीबंद का पुष्पमालाओं एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं सफल जीवन तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

अपने चार दशक लंबे सेवाकाल में श्री रामचंद्र छपरीबंद ने ईमानदारी,



कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। अपने सरल, सौम्य एवं सहयोगी स्वभाव के कारण वे अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सदैव सम्मान और विश्वास के पात्र रहे।

## एक नजर — खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान जारी

# बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित मिल्क प्लांट के विरुद्ध एडीएम न्यायालय में प्रकरण दर्ज

**नीमच। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश, भोपाल तथा कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है।**

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के



अनुरूप कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 22 जुलाई 2026 को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत एम/एस श्री सावरिया मिल्क प्लांट, बस स्टैंड के पास, नीमच रोड, ग्राम दुधलाई, तहसील रामपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्लांट प्रभारी श्री कमलेश कुमार जाट की उपस्थिति में पाया गया कि परिसर में 5000 लीटर क्षमता की बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) संचालित थी, जिसमें लगभग 4000 लीटर मिश्रित दूध का संग्रहण, भंडारण एवं मानव उपभोग के लिए विक्रय किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता से संबंधित खाद्य अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन केवल परिवहन संबंधी खाद्य पंजीयन प्रस्तुत किया गया। बीएमसी के माध्यम से दूध संग्रहण एवं विक्रय के लिए आवश्यक वैध खाद्य अनुज्ञप्ति उपलब्ध नहीं पाई गई।